म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर
M.P. CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY, GWALIOR

CELEBRATING 120 YEARS MPCCI

https://mpcci.in

# eअर्थवार्ता
## मासिक पत्रिका

OCTOBER 2025
- आरएनआई/एमपीएचआईएन/1997/6965
- वर्ष : 28, अंक : 04

# दीपावली के पावन पर्व पर रविवार, 19 अक्टूबर को 'चेम्बर भवन' में माँ लक्ष्मी जी का विधि-विधान से किया गया पूजन





# दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक-श्रीमती विदिता डागर के सानिध्य में महाराज बाड़ा क्षेत्र की यातायात व्यवस्था पर बैठक आयोजित




'दीपावली त्यौहार' पर महाराज बाड़ा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था के सफल संचालन को दृष्टिगत रखते हुए दि. 7 अक्टूबर को एक बैठक का आयोजन 'चेम्बर भवन' में पुलिस प्रशासन एवं नगर-निगम के अधिकारियों के साथ किया गया ।

उक्त बैठक में उपस्थित, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक - श्रीमती विदिता डागर ने कहा कि आज बैठक में यह भरोसा दिलाने नहीं आए हैं कि यातायात व्यवस्था को 100% सुधार दिया जाएगा, अपितु यह भरोसा दिलाने आए हैं कि हम, आप लोगों के साथ मिलकर व्यवस्था को सुधारने का प्रयास करेंगे । व्यापारियों व आमजन की दीपावली अच्छे से मने इसके लिए हम प्रयासरत रहते हैं । पुलिस का मेजर काम अपराधों को रोकना है और यदि अपराध हो जाए, तो अपराधियों की धरपकड़ करना इसमें हमारा 95% समय चला जाता है । इस कार्य के जरिए हम केवल 2-3% जनसंख्या के सम्पर्क में ही आ पाते हैं, लेकिन जब हम यातायात की बात करते हैं, तब पूरे वर्ग के साथ हम सम्पर्क में आते हैं । हमारे पास रिसोर्स की कमी है फिर भी हम प्रयास करेंगे कि दीपावली के सीजन में यातायात व्यवस्था बेहतर हो ।

इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन देते हुए, अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि पुलिस यदि यह सुनिश्चित कर ले, कि दीपावली तक पाटनकर बाजार से होते हुए दौलतगंज, महाराज बाड़ा, सराफा बाजार, टोपी बाजार, डीडवाना ओली होते हुए गस्त का ताजिया तक यह मार्ग काफी चौड़े हैं । इन मार्गों पर यदि 20 फीट की रोड को क्लियर रखने में कामयाब हो गए और इन क्षेत्रों में यदि रांग साइड वाहनों को रोक दिया गया, तो धनतेरस पर शाम 6.00 बजे तक इन मार्गों पर आपको वाहनों को नो एंट्री का कदम नहीं उठाना पड़ेगा । साथ ही, अस्थायी पार्किंग प्लेस दौलतगंज में पुलिस चौकी के पीछे, नाथ ट्रेडर्स के सामने, हुजरात सब्जी मण्डी के नीचे, कोतवाली, जियो साइंस म्यूजियम के सामने टाउन हॉल के दोनों तरफ, सिंधी धर्मशाला के सामने टेलीफोन एक्सचेंज एवं बेसमेंट में पार्किंग की जा सकती है ।

बैठक में पूर्व उपाध्यक्ष एवं नजरबाग मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष–श्री सुरेश बंसल, सोना–चांदी व्यवसाय संघ के अध्यक्ष–श्री पुरूषोत्तम जैन, टोपी बाजार संघ के अध्यक्ष–श्री मोहन माहेश्वरी, टोपी बाजार एसोसिएशन के अध्यक्ष–श्री संदीप वैश्य, सुभाष मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष–श्री गोपाल छावड़ा, ग्वालियर बर्तन निर्माता संघ के अध्यक्ष–श्री विनोद गिडवानी, सचिव–श्री माधव अग्रवाल, माधौगंज क्षेत्र से श्री दिनेश तपा, पाटनकर बाजार क्षेत्र से श्री आशीष जैन, डीडवाना ओली से श्री संतोष जैन आदि ने बाजारों की समस्याएं एवं सुझाव बैठक में प्रस्तुत किए । बैठक में डीएसपी ट्रैफिक, श्री अजीत सिंह चौहान, सीएसपी लश्कर–श्रीमती किरण अहिरवार, यातायात प्रभारी–श्री धनंजय शर्मा, थाना प्रभारी हुजरात कोतवाली, मोहिनी वर्मा, नगर–निगम से श्री रवि कुमार शामिल हुए ।

बैठक का संचालन, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल द्वारा एवं आभार, कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया । बैठक में संयुक्त अध्यक्ष–हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, कार्यकारिणी समिति सदस्य–सर्वश्री अजीत जैन, अखिलेश गोयल, मनोज सरावगी, विवेक बंसल सहित काफी संख्या में स्थानीय व्यवसाई उपस्थित थे ।

## कार्यकारिणी समिति की बैठक

दिनांक 04 अक्टूबर 2025 को आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय :–

* ''दीपावली मिलन समारोह'' के आयोजन पर विचार, कर इसका आयोजन करने का निर्णय लिया गया तथा इसके आयोजन हेतु संयोजक, संयुक्त अध्यक्ष–श्री हेमन्त गुप्ता, सह संयोजक, उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव–श्री पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल को नियुक्त किया गया ।
* फिक्की की 98वीं ''वार्षिक साधारण सभा'' में शामिल होने हेतु 08 सदस्यों के नामों का चयन किया गया ।
* नवीन सदस्यता हेतु प्राप्त आवेदनों पर विचार कर निम्नलिखित फर्मों को सदस्यता प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया :–

1. मेसर्स श्री गणेश टेंट हाउस, आनन्द कॉम्पलेक्स, जनकगंज, लश्कर, ग्वालियर.
2. मेसर्स पूजा गारमेंट्स, जैन मंदिर के नीचे, भाऊ का बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
3. मेसर्स मोदी फिलिंग सेन्टर, भितरवार, जिला–ग्वालियर.
4. मेसर्स देवकीनन्दन जगन्नाथ प्रसाद, बारादरी चौराहा, मुरार. ग्वालियर.
5. मेसर्स वर्धमान इन्वेस्टमेंट एण्ड कं., कलावीथिका के पीछे, पड़ाव, ग्वालियर.
6. मेसर्स जय माँ शारदा पैकर्स, सी–66, तानसेन नगर, हजीरा, ग्वालियर.
7. मेसर्स ईकॉमीफाई मीडिया प्रा. लि., चेतकपुरी, ग्वालियर.
8. मेसर्स शिवशंकर इन्टरप्राईजेज, डी–68, गुलमोहर सिटी, ग्वालियर.
9. मेसर्स श्री बिहारी जी गम इण्डस्ट्रीज, जीवाजीगंज, मुरैना.
10. मेसर्स डी. के. ईडेबल ऑयल्स प्रा. लि., जीवाजीगंज, मुरैना.

11. मेसर्स सी. पी. इन्टरप्राईजेज, जी–27, सिटी सेंटर, ग्वालियर.
12. मेसर्स ग्लेज लाईटस, केशव टॉवर, पाटनकर बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
13. मेसर्स हार्दिक डिस्ट्रीब्यूटर प्रा. लि., मैना वाली गली, दाल बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
14. मेसर्स ओम ट्रेडर्स, दाल बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
15. मेसर्स भव्य इन्टरप्राईजेज, दाल बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
16. मेसर्स जैन एण्ड राय कंस्ट्रक्शन कं., 93, खेड़ापति कॉलोनी, ग्वालियर.
17. मेसर्स सौम्या मोटर्स प्रा. लि., 98 शारदा विहार, सिटी सेंटर, ग्वालियर.
18. मेसर्स समर्थ कार्स प्रा. लि., 100 शारदा विहार, सिटी सेंटर, ग्वालियर.
19. मेसर्स आर. के. इन्टरप्राईजेज, बल्ला का डेरा, झाँसी रोड, डबरा, जिला–ग्वालियर.
20. मेसर्स गजानन पोलीप्लास्ट प्रा. लि., ए. बी. रोड, मुरैना.
21. मेसर्स बैंकुटरमन बुलियन एण्ड डायमण्ड, जयेन्द्रगंज, लश्कर, ग्वालियर.

* MPCCI संविधान की धारा–4.2 के तहत 03 वर्ष की सदस्यता शुल्क बकाया वाले सदस्यों की सदस्यता से पृथकता किए जाने का निर्णय लिया गया ।

* समूह परिवर्तन हेतु प्राप्त निम्नलिखित आवेदन–पत्रों पर विचार कर, समूह परिवर्तन किए जाने का निर्णय लिया गया :–

(I) मेसर्स मिलिन्द बेग हाउस, समूह क्र.–4 (खेरिज एवं कटपीस वस्त्र व्यवसाय) से समूह क्र.–42 (अन्य व्यवसाय) में।

(II) मेसर्स जय दुर्गे डिस्पोजल हाउस, समूह क्र.–4 (खेरिज एवं कटपीस वस्त्र व्यवसाय) से समूह क्र.–42 (अन्य व्यवसाय) में ।

(III) मेसर्स ध्रुव अग्रवाल, समूह क्र.–20 (भवन निर्माण सामग्री व्यवसाय) से समूह क्र.–42 (अन्य व्यवसाय) में ।

(IV) मेसर्स गोपीराम एण्ड संस, समूह क्र.–3 (सिन्थेटिक वस्त्र व्यवसाय) से समूह क्र.–2 (थोक वस्त्र व्यवसाय) में।

## सदस्य उपलब्धि

### श्रीमती पद्मा बंसल, 'कोषाध्यक्ष' निर्वाचित



अखिल भारतीय सामाजिक सेवा संगठन के निर्वाचन में श्रीमती पद्मा बंसल 'कोषाध्यक्ष' पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं । आप श्री अजय बंसल जी की धर्मपत्नी हैं । पदाधिकारियों ने श्रीमती पद्मा बंसल के निर्वाचन पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं ।

## 1 अक्टू. 25 से 31 मार्च 26 तक के लिए घोषित पुनरीक्षित न्यूनतम वेतन की दरें

श्रमायुक्त, इन्दौर द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत 67 अनुसूचित नियोजन में मासिक एवं दैनिक वेतन की दरें, जिसमें परिवर्तनशील महंगाई भत्ता सम्मिलित है, जो निम्नानुसार 01 अक्टूबर 2025 से लागू हैं:–

| श्रमिकों का वर्ग | कुल वेतन (रु. प्रतिमाह) | कुल वेतन (रु. प्रतिदिन) |
|---|---|---|
| अकुशल | 12150.00 | 467.00 |
| अर्द्धकुशल | 13146.00 | 506.00 |
| कुशल | 14869.00 | 572.00 |
| उच्च कुशल | 16494.00 | 634.00 |

http://www.mpcci.in

अर्थवार्ता

मासिक पत्रिका



# ग्वालियर एयरपोर्ट पर हवाई सेवाओं का विंटर शेड्यूल

## (WINTER Flight Schedule period 26.10.25 to 28.03.26)

| DAYS | S. No. | Operator Name | FLIGHT NO | TYPE OF AIRCRAFT | ORIGIN | S.T.A | FLIGHT NO | DESTINATION | S.T.D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MONDAY | 1 | AKASA AIR | QP-1531 | B737-8MAX | AMD-GWL | 13:30 | QP-1532 | GWL-AMD | 14:10 |
| | 2 | INDIGO AIRLINES | 6E-5385 | A320N | BOM-GWL | 13:40 | 6E-5386 | GWL-BOM | 14:15 |
| | 3 | INDIGO AIRLINES | 6E-2117 | A320N | DEL - GWL | 15:25 | 6E-2118 | GWL - DEL | 16:10 |
| | 4 | AIR INDIA EXPRESS | IX-1216 | B737-8MAX | BLR-GWL | 15:55 | IX-1217 | GWL-BLR | 16:25 |
| TUESDAYS | 1 | INDIGO AIRLINES | 6E-5385 | A320N | BOM-GWL | 13:40 | 6E-5386 | GWL-BOM | 14:15 |
| | 2 | INDIGO AIRLINES | 6E-2117 | A320N | DEL - GWL | 15:25 | 6E-2118 | GWL - DEL | 16:10 |
| | 3 | AIR INDIA EXPRESS | IX-1216 | B737-8MAX | BLR-GWL | 15:55 | IX-1217 | GWL-BLR | 16:25 |
| WEDNESDAY | 1 | INDIGO AIRLINES | 6E-5385 | A320N | BOM-GWL | 13:40 | 6E-5386 | GWL-BOM | 14:15 |
| | 2 | INDIGO AIRLINES | 6E-2117 | A320N | DEL - GWL | 15:25 | 6E-2118 | GWL - DEL | 16:10 |
| | 3 | AIR INDIA EXPRESS | IX-1216 | B737-8MAX | BLR-GWL | 15:55 | IX-1217 | GWL-BLR | 16:25 |
| THURSDAY | 1 | INDIGO AIRLINES | 6E-5385 | A320N | BOM-GWL | 13:40 | 6E-5386 | GWL-BOM | 14:15 |
| | 2 | INDIGO AIRLINES | 6E-2117 | A320N | DEL - GWL | 15:25 | 6E-2118 | GWL - DEL | 16:10 |
| | 3 | AIR INDIA EXPRESS | IX-1216 | B737-8MAX | BLR-GWL | 15:55 | IX-1217 | GWL-BLR | 16:25 |
| FRIDAY | 1 | INDIGO AIRLINES | 6E-5385 | A320N | BOM-GWL | 13:40 | 6E-5386 | GWL-BOM | 14:15 |
| | 2 | INDIGO AIRLINES | 6E-2117 | A320N | DEL - GWL | 15:25 | 6E-2118 | GWL - DEL | 16:10 |
| | 3 | AIR INDIA EXPRESS | IX-1216 | B737-8MAX | BLR-GWL | 15:55 | IX-1217 | GWL-BLR | 16:25 |
| SATURDAY | 1 | INDIGO AIRLINES | 6E-5385 | A320N | BOM-GWL | 13:40 | 6E-5386 | GWL-BOM | 14:15 |
| | 2 | INDIGO AIRLINES | 6E-2117 | A320N | DEL - GWL | 15:25 | 6E-2118 | GWL - DEL | 16:10 |
| | 3 | AIR INDIA EXPRESS | IX-1216 | B737-8MAX | BLR-GWL | 15:55 | IX-1217 | GWL-BLR | 16:25 |
| SUNDAY | 1 | INDIGO AIRLINES | 6E-5385 | A320N | BOM-GWL | 13:40 | 6E-5386 | GWL-BOM | 14:15 |
| | 2 | INDIGO AIRLINES | 6E-2117 | A320N | DEL - GWL | 15:25 | 6E-2118 | GWL - DEL | 16:10 |
| | 3 | AIR INDIA EXPRESS | IX-1216 | B737-8MAX | BLR-GWL | 15:55 | IX-1217 | GWL-BLR | 16:25 |

http://www.mpcci.in
eअर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# मासिक विद्युत समस्या समाधान शिविर 'चेम्बर भवन' में आयोजित




''मासिक विद्युत समस्या समाधान शिविर'' का आयोजन शनिवार, 25 अक्टूबर को 'चेम्बर भवन' में किया गया। शिविर के प्रारम्भ में अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि उपभोक्ता द्वारा सभी औपचारिकताएँ पूर्ण करने के बाद भी यदि समस्या का निराकरण नहीं होता है, तो यह बिजली विभाग के अधिकारियों की गंभीर लापरवाही है। बिजली विभाग के अधिकारियों की छोटी-छोटी गंभीर लापरवाही के कारण वरिष्ठ नागरिकों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जो कि गलत है, ऐसा नहीं होना चाहिए। इसके लिए जो भी जिम्मेदार है, उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही होनी चाहिए।

शिविर में मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य-सर्वश्री आशीष अग्रवाल, संजय धवन सहित महाप्रबंधक (शहर वृत्त)-श्री संदीप कालरा, उपमहाप्रबंधक (मध्य क्षेत्र)-श्री गगनदेव शर्मा, (पूर्व क्षेत्र)-श्री अजीत सिंह राजपूत, (दक्षिण क्षेत्र)-श्री संतोष विट्ठुल, (सिटी सर्किल)-श्री एस. के. चतुर्वेदी आदि उपस्थित थे।

## अक्टूबर 2025 के महत्वपूर्ण प्रयास...

- सभापति, नगर-निगम परिषद-माननीय श्री मनोज सिंह तोमर को पत्र प्रेषित कर 'गारबेज शुल्क' की दरों को संशोधित कर, विसंगति दूर करने हेतु माँग की गई।
- केन्द्रीय संचार मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र प्रेषित कर, संचार मंत्रालय के अन्तर्गत भारतीय डाकघरों में ''निर्यात वाणिज्यिक प्रकोष्ठ'' का गठन किए जाने की माँग की गई।
- केन्द्रीय वित्त मंत्री, भारत सरकार को पत्र प्रेषित कर, सितम्बर माह के जीएसटीआर-3बी रिटर्न की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने की माँग की गई।

**प्रेषक** : स्वामी म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के लिए प्रकाशक, दीपक अग्रवाल द्वारा सागर प्रिन्टर्स, ग्वालियर से डिजाइन तथा 'चेम्बर भवन', एस.डी.एम. मार्ग, ग्वालियर से प्रकाशित. संपादक-दीपक अग्रवाल, दूरभाष-2371691,2632916,2382917